महाकाल नगरी में बढ़ा कारोबार, कायदे कानून दरकिनार

आग लगी तो बचाएगा कौन, फायर एनओसी लेने में आनाकानी, होटल अस्पतालों में हो रही लगातार दुर्घटनाएं

उज्जैन। महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन की तस्वीर बदली है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही होटल, होमस्टे, धर्मशालाएं, रेस्टोरेंट और अस्पतालों का तेजी से विस्तार हुआ है। फायर एनओसी के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है और दुर्घटनाएं देश भर में हो रही है उज्जैन

में भी इंतजार किया जा रहा है।

200 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक के कमरे और सुइट्स आसानी से उज्जैन में बुक हो रहे हैं। धार्मिक पर्यटन ने शहर की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, विकास की इस चमक के पीछे एक बड़ा सवाल लगातार खड़ा है। क्या श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुरक्षा भी उतनी ही मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 अक्टूबर 2022 को महाकाल लोक का लोकार्पण किए जाने के बाद उज्जैन की आर्थिक गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शहर में करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। लेकिन विकास तभी सार्थक माना जाएगा जब उसके साथ सुरक्षा व्यवस्था भी उतनी ही मजबूत हो।

फायर एनओसी का पालन नहीं

दिल्ली के होटल में लगी भीषण आग हो या मुजफ्फरनगर के अस्पताल का अग्निकांड, हर हादसे के बाद जांच, बैठकें और निर्देशों का दौर शुरू होता है। उज्जैन में भी फायर एनओसी को लेकर वर्षों से बैठकों और निरीक्षणों का सिलसिला चलता रहा है। होटल, धर्मशालाओं, होमस्टे और अस्पतालों का सर्वे भी कई बार हुआ, लेकिन जमीनी हालात आज भी चिंता पैदा करते है। आज जरूरत केवल फायर एनओसी जारी करने की नहीं, बल्कि उसके वास्तविक पालन की है। जिला प्रशासन, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, जनप्रतिनिधियों और होटल व्यवसायियों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि उज्जैन की पहचान केवल भव्य विकास से नहीं, बल्कि सुरक्षित और व्यवस्थित धार्मिक नगरी के रूप में भी बने। क्योंकि हादसे के बाद कार्रवाई करना आसान है, हादसा होने से पहले उसे रोकना ही असली जिम्मेदारी है।

संकरी गलियां, दमकल नहीं जाती

महाकाल मंदिर क्षेत्र और आसपास की संकरी गलियों में बड़ी संख्या में होटल और लॉज संचालित हो रहे हैं। कई जगह बेसमेंट का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जबकि नियम इसकी अनुमति नहीं देते। कहीं सड़क किनारे भट्टियां जल रही हैं तो कहीं गैस सिलेंडर और विद्युत उपकरणों के बीच पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। अग्निशामक यंत्र लगे जरूर दिखाई देते हैं, लेकिन उनकी नियमित जांच और उपयोगिता पर सवाल खड़े होते रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि किसी संकरी गली में स्थित होटल, होमस्टे या धर्मशाला में आगजनी की बड़ी घटना हो जाए तो फायर ब्रिगेड के भारी वाहन वहां तक पहुंच भी पाएंगे या नहीं। कई इलाकों में पहुंच मार्ग इतने तंग हैं कि राहत और बचाव कार्य शुरू होने में ही कीमती समय निकल सकता है। ऐसे में किसी दुर्घटना की कीमत आम लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ सकती है।

अस्पताल भी लापरवाह

अस्पतालों की स्थिति भी पूरी तरह आश्वस्त करने वाली नहीं है। पूर्व में शहर के कुछ अस्पतालों में आग की घटनाएं हो चुकी हैं। आईसीयू जैसे संवेदनशील वार्ड भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं माने जा सकते। विशेषज्ञों का मानना है कि फायर सेफ्टी केवल एनओसी प्राप्त करने का दस्तावेजी कार्य नहीं, बल्कि नियमित अभ्यास और जिम्मेदारी का विषय है। शहर में 1000 से अधिक होटल, धर्मशाला, लॉज, रेस्टोरेंट होमस्टे और भोजनालय संचालित हैं। आरोप यह भी लगते रहे हैं कि कुछ स्थानों पर बिना उचित पहचान पत्र के कमरे उपलब्ध कराए जाते हैं। इससे धार्मिक नगरी की छवि धूमिल हो रही है।

युवती के साथ होटल में मिला मुस्लिम युवक

उज्जैन। हिंदू युवती के साथ होटल ठहरे मुस्लिम युवक की जानकारी सामने आने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस युवक और युवती को थाने लेकर पहुंची, जहां पूछताछ की जा रही है मामले में होटल संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

खाराकुआं थाना क्षेत्र में होटल श्री गोपाल में 2 दिन से एक युवक के रुके होने की जानकारी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को मिली थी। युवक मुस्लिम था और उसके साथ हिंदू युवती होना सामने आया था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने होटल पहुंचकर पूछताछ की तो सामने आया कि होटल में ठहरे युवक-युवती की एंट्री होटल संचालक द्वारा नहीं की गई है। बिना आईडी और पूछताछ के उन्हें रूम उपलब्ध कराया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचे होटल के कमरे का दरवाजा खुलवाया। पूछताछ शुरू की गई तो युवक मुस्लिम होना सामने आया जिसका नाम मोहम्मद अनीस (निवासी: रायगढ़, छत्तीसगढ़) था। युवती भी छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी लेकिन वह हिंदू संप्रदाय की थी मामला लव जिहाद से जुड़ा होने पर हिंदू संगठन द्वारा कार्रवाई की मांग की गई पुलिस दोनों को अपने साथ थाने लेकर आई है जहां पूछताछ शुरू कर उनके परिजनों को सूचना दी गई है। दोनों एक दूसरे को दोस्त होना बता रहे हैं। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह के अनुसार फिलहाल पूछताछ जारी है मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी वहीं होटल के संबंध में भी जानकारी जुटा जा रही है। जिसके खिलाफ बिना दस्तावेज के बाहरी व्यक्तियों को रूम उपलब्ध कराने का प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। शहर में लंबे समय से बाहर से आने वाले मुस्लिम युवको द्वारा हिंदू युवतियों के साथ होटल में रुकने के मामले सामने आ रहे हैं। पूर्व में ही हिंदू संगठनों की सूचना पर पुलिस ने कई ऐसे युवकों को पकड़ा भी है। होटल वाले चंद रूपयो के लिए शासन प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं।

इंदौर रोड पर कार टकराने के विवाद में युवक से मारपीट

- आगे चल रही कार के ब्रेक लगाने पर पीछे आ रही कार टकरा गई यही बात विवाद का कारण बनी

उज्जैन। आगे चल रही कार के ब्रेक लगाने पर पीछे आ रही कार टकरा गई। इसी बात पर आगे कार में सवार चार युवकों ने पीछे आ रही कार के चालक को बुरी तरह पीट दिया। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चरक अस्पताल में भर्ती मिल्कीपुरा के रहने वाले शाहनवाज पिता शेख इलियास 32 वर्ष ने बताया कि वह शाम को कार से इंदौर जा रहा था। पंथ पिपलाई के पास आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसके चलते उसकी कार पीछे से टकरा गई रफ्तार कम होने से ज्यादा बड़ा घटनाक्रम नहीं हुआ बावजूद इसके आगे कार में सवार चार युवक नीचे उतरे और उसके साथ लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने बीच बचाव किया लेकिन उसे काफी चोट लग चुकी थी। उसे एंबुलेंस की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। विदित हो कि इंदौर रोड पर ब्रिज निर्माण के साथ सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है इस मार्ग पर पिछले कई महीनो से आवागमन बाधित बना हुआ है आए दिन दुर्घटना भी होना सामने आ रही है जिसमें कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं जिसके चलते मामूली दुर्घटनाएं सुबह से लेकर शाम तक लगातार सामने आ रही है जो अब विवाद की वजह भी बन रही है।

ट्रैक्टर चलाने से मना किया तो की मारपीट

उज्जैन। युवक ने ट्रैक्टर चलाने से मना किया तो ट्रैक्टर मालिक ने घर पहुंच कर पूरे परिवार के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। इंगोरिया के ग्राम चिकली कढ़ाई में रहने वाली निशा पति बाबूलाल 40 साल उसके पुत्र दीपक और पति को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। जहां निशाने बताया कि उसका बेटा ट्रैक्टर चलाता है। कुछ दिनों पहले गांव के ही रहने वाले गोपाल पिता प्रेम सिंह जिसके पास चार ट्रैक्टर हैं उसने दीपक से ट्रैक्टर चलाने के लिए कहा था। दीपक ने ड्राइवरी करने से मना कर दिया था। बीती देर शाम गोपाल शराब के नशे में घर आया और दीपक से उसके ट्रैक्टर चलाने की जिद करने लगा पुत्र ने मना किया तो मारपीट शुरू कर दी बीच बचाओ करने पति के साथ पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई गोपाल परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गया है।

ट्रेन में राजस्थान के अधेड़ के पास मिली हेरोइन

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों की टीम ने की कार्रवाई

उज्जैन। क्षिप्रा एक्सप्रेस में सवार एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ हेरोइन होने की खबर पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों की टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची और ट्रेन में सर्चिंग के बाद उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया। जिसके पास से बेग में रखे 2 पैकेट बरामद हो गये।

बताया जा रहा है कि रात में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों ईकाई मध्यप्रदेश के नीमच-इंदौर और उज्जैन के अधिकारियों की एक टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची थी। उन्हें सूचना मिली थी कि क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच से एक व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन लेकर हावड़ा पश्चिम बंगाल जा रहा है। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर जनरल कोच में सर्चिंग की गई। संदेह के आधार पर हैंड बैग के साथ उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और प्लेटफार्म नम्बर 1 आरपीएफ थाने लाया गया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे से 2 पैकेट मिले। जो 1 किलो 67 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के थे। पूछताछ में उक्त व्यक्ति नाम रमेशचंद्र पिता भुआन 54 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान सामने आया। उक्त व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट अधिनियम 1985 में उसकी गिरफ्तारी ली गई, जिसे पूछताछ के लिये नीमच ले जाया गया है। जानकारी सामने आई है कि उक्त आरोपित राजस्थान प्रतापगढ़ क्षेत्र से इंदौर-उज्जैन मार्ग के माध्यम से पश्चिम बंगाल जा रहा था।

एक नजर में

पिता के सपने के लिए बेटे ने छोड़ी नौकरी

उज्जैन। वरिष्ठ पत्रकार स्व. मनोहरलाल कुमावत के द्वितीय पुण्य स्मरण पर उनके पुत्र शैलेन्द्र कुमावत ने पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए अपनी नौकरी छोड़कर आजीवन समाज सेवा का संकल्प लिया है। स्व. कुमावत की स्मृति और कुमावत जागृति पत्रिका के 23वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आयोजित समारोह में मेधावी विद्यार्थियों, चिकित्सकों और वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया। आयोजन के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। समारोह के दौरान अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने उपस्थित कुमावत समाजजनों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और हैदराबाद सहित देशभर से कुमावत समाजबंधु शामिल हुए। समारोह में उज्जैन के वरिष्ठ समाजसेवी बद्रीलाल रैणा, मोहनलाल कुमावत, दिलीप टिकोलिया, दिलीप वर्मा, संगीता दौराया, बद्रीलाल मारोठिया, अमरचंद कुमावत, दिलीप परदेशी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा नंदकिशोर डाबरिया, जितेंद्र कुमावत, रवींद्र बैताड़े, नेमीचंद कारवाल, भेरूलाल पटवारी, डॉ. जीएल ददरवाल, नंदकिशोर कुदीवाल भी समारोह में शामिल हुए। संचालन बसंत दौराया और राजेश कुमावत ने किया।

टेंट हाउस एसोसिएशन का मिलन समारोह आज

उज्जैन। उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह 5 जून को इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन में आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत खनूजा और महासचिव राजेश हंडिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल हक, जिलाध्यक्ष योगेश गोयल और सह सचिव रईस मंसूरी ने बताया कि समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता योगेश श्रीवास्तव और हरी नारायण राठौर मौजूद रहेंगे। एसोसिएशन के प्रवक्ता कमल लालावत और सह प्रवक्ता दीपेश गोमे ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां की जा रही हैं। मीडिया प्रभारी आशीष मालवी, कोषाध्यक्ष फिरोज मंसूरी और योगेश राठौर ने बताया कि इस स्नेह मिलन में उज्जैन जिले के सभी टेंट व्यवसायी एकत्रित होंगे। समारोह में सर्वेक्षक कप्तान बोबल और संगठन के जुल्फेज जाफरी मुख्य संयोजक की भूमिका में होंगे। वहीं, विनोद जायसवाल और प्रभा शंकर को परामर्शदाता का दायित्व सौंपा गया है। आयोजन से जुड़े संयोजक फरहान खान सोनू, सोहेल मंसूरी, शकील अंसारी, हारुन हुसैन, जितेन्द्र राठौर, मुबाहिद मंसूरी सहित सदस्यों ने जिले के सभी टेंट व्यवसायियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

उज्जैन के अजय और यावर ने जीते पदक

उज्जैन। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। स्पर्धा में शहर के अजय आंजना और यावर अली ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि 28 मई से 2 जून तक आर्म रेसलिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में गुजरात आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा इस राष्ट्रीय स्पर्धा का भव्य आयोजन किया था। इसमें सीनियर वर्ग के 110 किलो से अधिक भार वर्ग में उज्जैन के अजय आंजना ने लेफ्ट हैंड में सिल्वर और राइट हैंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं यूथ वर्ग के 110 किलो से अधिक भार वर्ग में यावर अली ने लेफ्ट हैंड में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें मध्यप्रदेश से कुल 90 खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उपलब्धि पर संदीप सिंह कुशवाह, देवेंद्र सिंह कुशवाह, मनीष विश्वकर्मा, पंकज गुप्ता, जितेंद्र सिंह कुशवाह, रवि और आकाश यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

महापौर ने बावड़ी की सफाई कार्य का निरीक्षण किया

उज्जैन। नगर निगम द्वारा मंछामन मंदिर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई का कार्य गुरुवार को प्रारंभ किया गया। उक्त सफाई कार्य का निरीक्षण महापौर मुकेश टटवाल ने करते हुए निर्देशित किया कि प्राचीन बावड़ी को मूल स्वरूप में लाया जाए। साथ ही गहरीकरण करते हुए सफाई के साथ साथ सौंदर्यीकरण किया जाए। इस हेतु पोकलेन मशीन से प्राचीन बावड़ी से गाद निकालने का कार्य किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहे।

गोधरा से पकड़ा नौकरी के नाम पर ठगी के आरोपी को

- डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी के नाम पर की थी ठगी

उज्जैन/महिदपुर। पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गुजरात के गोधरा से पुलिस की हिरासत में आया गया। जिसे पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की राजस्थान में भी ठगी को अंजाम दे चुका है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तलोद में रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरूसिंह ने पिछले माह महिदपुर थाना पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि बालूसिंह पिता भेरूसिंह चौहान निवासी झारखेड़ी द्वारा वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम उसके और गांव के अन्य युवकों के साथ 25 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। बालूसिंह खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बता रहा था। महिदपुर पुलिस ने आवेदन की जांच शुरू पूरी कर 15 मई को धारा 420, 120 बी, 294, 506 का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सायबर टीम के एसआई प्रतिक यादव से बालूसिंह की लोकेशन गुजरात के गोधरा में मिलने पर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने एसआई अन्नपूर्णा, एएसआई विरेन्द्रप्रतापसिंह, प्रधान आरक्षक जितेन्द्रसिंह, आरक्षक राघवसिंह, मोहरसिंह और डॉ. नारायण की टीम को रवाना किया गया। जहां दबिश देकर बालूसिंह को हिरासत में लिया गया और महिदपुर लाया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान ठगी में उसके दो साथी जितेन्द्र पिता सत्यनारायण बैरागी निवासी अम्बेडकर कॉलोनी उज्जैन और लखन पिता सौदानसिंह, निवासी देवास नाका विजय नगर इंदौर के नाम सामने आये। जिनकी गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विवि में पांच दिवसीय महोत्सव

- साइकिल के उपयोग, रीसाइक्लिंग और ऊर्जा बचत पर होगा मंथन

उज्जैन। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में प्रकृति संरक्षण और जागरूकता को समर्पित पांच दिवसीय विशेष पर्यावरण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाकर सतत भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन में पर्यावरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गतिविधियां होंगी। पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए साइकलोदय विषय पर परिचर्चा होगी। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण में एलईडी लाइट के सकारात्मक प्रभाव पर विशेष व्याख्यान, पर्यावरण संतुलन के लिए सतत जीवनशैली विषय पर कार्यशाला और कचरा प्रबंधन में रीसाइक्लिंग को प्रभावी समाधान के रूप में अपनाने पर जोर दिया जाएगा। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों की जागरूकता परखने के लिए अंतर-विभागीय पर्यावरण प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी।

भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पृथ्वी का संकल्प

कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि यह आयोजन महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरित पृथ्वी सुनिश्चित करने का संकल्प है। आगामी दिव्य सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अनुरूप हमें अपने परिसर और शहर को पर्यावरण के प्रति एक मॉडल बनाना है। वहीं कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इस महोत्सव के जरिए शैक्षणिक चर्चा के साथ ही रीसाइक्लिंग और ऊर्जा का संदेश दिया जा रहा है। नागरिकों की सहभागिता से होने वाला यह आयोजन उज्जैन को स्वच्छ व हरित बनाने की दिशा में अहम कदम है।

खेलने के दौरान ट्रेन से टकराकर दो वर्ष के मासूम की मौत

उज्जैन। रेलवे पटरी के किनारे खेल रहा 2 साल का मासूम ट्रेन से टकरा गया। घायल हालत में अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती किया, लेकिन 2 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मक्सी रोड उद्योगपुरी में प्रयागराज का परिवार प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। गुरुवार सुबह 8 के लगभग परिवार का 2 वर्षीय बालक सूरत पिता सुखलेश पटेल फैक्ट्री के पास से गुजर रही रेलवे पटरी के पास खेल रहा था। इस दौरान ट्रेन आने पर टकरा गया सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगने पर उसे आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। बालक के परिजन भी तत्काल अस्पताल पहुंच गए थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने एनआईसीयू में भर्ती किया। लेकिन 2 घंटे बाद बालक की मौत हो गई। फैक्ट्री मालिक की मदद से बालक का अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जाना बताया जा रहा है।

अग्रवाल महिला मंडल ने किया चौथ का उजमना

उज्जैन। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मोदी की गली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अधिक मास की चौथ का उजमना श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। मंडल की सचिव मीना गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर समाज की 25 महिलाओं ने सामूहिक रूप से उजमना कर पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव मीना गर्ग एवं कोषाध्यक्ष आभा अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में सरोज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही आभा अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, संतोष कसेरा, बिंदु गर्ग और हेमलता अग्रवाल सहित अन्य महिला मंडल सदस्यों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

सुरक्षा में सेंध सुरक्षा पर सवाल, कर्मचारियों की टीम ने भागकर पकड़ा और पुलिस को सौंपा

मंदिर में महिला से मोबाइल छीना, गेट पर पकड़ाया युवक

उज्जैन। महाकाल मंदिर में 3 जून की रात करीब 9 बजे मंदिर में दर्शन के लिए कार्तिक मंडप के एग्जिट के पास लाइन में खड़ी श्रद्धालु सपना आडवाणी निवासी बैरागढ़, भोपाल से एक युवक ने अचानक से पास आकर उसका मोबाइल ही छीन लिया और वहां से भाग निकला। महिला जब शोर मचाया तो वहां तैनात मंदिर कर्मचारियों ने तुरंत युवक का पीछा किया और भागते हुए उसे मंदिर के 10 नंबर गेट पर जाकर पकड़ लिया। इधर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल दर्शन करने पहुंचे। वे परिवार के साथ आए थे। चांदी गेट से खड़े होकर उन्होंने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इसके बाद नंदीहाल में बैठकर पूजा-अर्चना की। पंडे-पुजारियों ने मंत्रोच्चार कर उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री सिंह का स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्रसिद्ध टीवी एवं फिल्म अभिनेता रघुवीर यादव ने भी भगवान महाकाल के दर्शन किए। अभिनेता यादव ने भी नंदीहाल में बैठकर महाकाल की आराधना की और कहा कि वे बाबा के दर्शन कर धन्य हो गए।

मंगलनाथ मंदिर को 3 लाख से अधिक की आय

उज्जैन। मंगलनाथ मंदिर समिति को मंगलवार को श्रद्धालु द्वारा भात पूजन, दर्शन के लिए रसीद के माध्यम से 3 लाख 63 हजार की राशि प्राप्त हुई है। मंदिर प्रशासक केके पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन पूजन करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। व्यवस्था के अनुसार भात पूजन के लिए रसीद काउंटर और ऑनलाइन व्यवस्था जारी है। इसके माध्यम से मंगलवार को समिति को 3 लाख 63 हजार की राशि भेंट स्वरूप प्राप्त हुई है और महिला मंडल द्वारा व्हीलचेयर भी समिति को प्रदान किए गए हैं। जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग, श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा हो सके। यह उल्लेखनीय है कि भात पूजनों की कंप्यूटरीकृत, मैन्युअल शासकीय 1750 रसीदें मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई। प्रशासक ने बताया कि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के सक्षम नेतृत्व में मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में इन रसीदों से मंदिर समिति को 2 मई माह के प्रथम मंगलवार को कंप्यूटरीकृत, मेन्यूअल शासकीय रसीदें काटी गई। इन रसीदों से राशि रुपए 3,63,000 तीन लाख त्रेसठ हजार रुपए प्राप्त हुए।